Roll No. ...........................

Total No. of Questions – **6**

Total No. of Printed Pages – **16**

Maximum Marks – **70**

## GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to MCQs of Part I are to be marked on the OMR answer sheet as given on the cover page of descriptive answer book only. Answers to questions in Part II are to be written in the same descriptive answer book. Answers to MCQs, if written inside the descriptive answer book or on Part-I Question paper will not be evaluated.
6. OMR answer sheet given on the cover page of descriptive answer book will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. **The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive answer book.**
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit the descriptive answer book with OMR cover page to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the above-mentioned items.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators or having/using mobile phone or smart watch will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

---

## PART – II

**70 Marks**

1. Question paper comprises **6** questions. Answer Question No. **1** which is compulsory and any **4** out of the remaining **5** questions.
2. Working notes should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.



www.CAclubindia.com

CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

## PART – II

1. (a) CA Rashmi is the auditor of ABC Ltd. for the financial year ending 31/03/2024. The audit report for the year was signed by her on 19/04/2024. **4**

On 25/4/2024, the company received a communication from the Central Government that an incentive amount of ₹ 5 crores pertaining to financial year 2023-24 was approved. It was paid to the company before the end of April 2024. The financial statements of the company were not yet issued to the shareholders.

The Board of Directors wished to include the incentive amount in the financial statements and requested the auditor to issue a fresh audit report for the year ended 31/03/2024.

Analyze the issue involved and give an overview of the auditor's responsibility in such a situation.

(b) Auditors cannot normally examine all the information available to them as it would be impracticable to do so and using audit sampling will produce valid conclusions. Samples should be selected in such a manner that it is representative of the population from which the sample is being selected. **4**

Which sample selection method is used in the following two cases ? Identify and explain them briefly.

(i) Auditor divided the trade receivables in three groups : balances above ₹ 20 lakhs, balances between ₹ 10 lakhs to ₹ 20 lakhs and balances below ₹ 10 lakhs. He selected different percentages of items from each group.

(ii) Auditor uses the sample of 50 consecutive cheques to test whether the cheques are signed by authorized signatories, rather than picking 50 single cheques throughout the year.



www.CAclubindia.com

CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

(c) PD & Co., Chartered Accountants, were appointed as the statutory auditors of MR Limited for the financial year 2023-24. MR Limited included the following clause in the appointment letter to the auditors : "The Auditor shall be responsible for detecting the frauds that may happen in the company during the financial year 2023-24." **3**

The auditor objected to inclusion of such a clause in the appointment letter. Discuss in the light of scope of audit.

(d) M/s. PQ Limited has a turnover of ₹ 807 crores during the financial year 2023-24. It has outstanding dues towards Goods and Services Tax (GST) of ₹ 10 lakhs since June 2023. When enquired by the auditor, the company's management informed him that they have filed an objection letter for the said demand with the GST Authorities, however, no response is received from the GST Department. State the reporting responsibility of the auditor under paragraph 3, clause (vii) of the Companies Auditor's Report Order, 2020 [CARO, 2020]. **3**

www.CAclubindia.com

2. (a) CA B, was the auditor of Star Limited. He wanted to ensure that the company had correctly reconciled its bank accounts and also wanted to understand whether and how far the internal control system was operating in the company. What kind of test of control was CA B performing ? What are the other procedures that can be applied while undertaking test of controls ? **4**

(b) Alfa Limited has availed bank overdraft facility from a nationalized bank. The company received balance confirmation certificate for bank overdraft balance as on 31.03.2024 from the bank. **4**

| Particulars | Amount (₹) |
|---|---|
| Bank overdraft balance as per Bank Certificate | 25,66,200/- |
| Bank overdraft balance as per Ledger | 26,45,300/- |

How will you vouch/verify borrowings from Bank taken by Alfa Limited ?



CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

(c) Schedule III of the Companies Act, 2013 prescribes disclosure of certain ratios as a part of Additional Regulatory Information. Mention any 3 ratios that should be disclosed along with the Rules relating to disclosure of these ratios. 3

(d) The engagement partner, of a firm of auditors, is explaining to his audit team, undergoing practical training, the inter relationship between audit strategy and audit plan. Discuss the points which the engagement partner will explain to his team in this regard. 3

3. (a) CA Amit is the auditor of LMN Ltd. While conducting the audit, he wanted to analyze the different components of internal control of the company. Identify and explain which component of internal control he is trying to understand in the following two cases : - 4

(i) Whether controls in LMN Ltd. are operating as intended and they are modified as appropriate for change in conditions.

(ii) Whether there exists proper segregation of duties in the company and the person responsible for recording a transaction is different from the person authorizing it.

(b) M/s. PK & Company, Chartered Accountants, are the statutory auditors of JC Limited. CA Tarun, partner of M/s. PK & Company, was entrusted to supervise and verify the inventory items as on 31.03.2024. During the process of verification, a large chunk of draft inventory sheets were accumulated and then a final inventory sheet was prepared. The audit assistant has kept all these drafts and the final inventory sheet in the audit file. Is the approach of the audit assistant correct ? Which papers/documents may not be included in the audit documentation ? 4



www.CAclubindia.com

CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

(c) K Ltd. is availing cash credit limit of ₹ 25 crores from LMN Bank Ltd. The drawing power of the company ranged between ₹ 22 crores and ₹ 25 crores during the year 2023-24. The limit availed by the company remained less than ₹ 20 crores during all the days of the financial year 2023-24. The company has not deposited any amount in the cash credit account and there are no other credits to this account during the last two quarters. How will this account be classified in the books of LMN Bank Ltd. as on 31-03-2024 ? Explain. 3

(d) You are the statutory auditor of NP Ltd. Looking at the huge size of similar transactions, you directed your team members to use statistical sampling. One of the team members, Mr. Q, wants to select samples based upon his personal experience & knowledge as he is not aware of statistical sampling. You are required to explain to Mr. Q why the use of statistical sampling method is more scientific and appropriate. 3

www.CAclubindia.com

4. (a) EFG Ltd. has appointed M/s. MN & Co., Chartered Accountants, as the statutory auditors for the year 2024-25. CA N, the engagement partner, completed his risk assessment procedure. However, he is concerned about the management of human resources to be employed to conduct the audit. For this purpose, he wants to establish an overall audit strategy for setting the scope, timing and direction of the audit. Describe how the process of establishment of overall audit strategy will assist him in managing deployment of his human resources for various audit areas. 4

(b) JB Limited has invested huge sums of money on establishment of new Property, Plant and Equipment during the year under audit. They have incurred an amount of ₹ 5,70,000/- on dismantling of an old plant, which had become obsolete, so that a new plant can be set up at the existing location. The Auditor is in the process of verifying the cost incurred towards addition to Property, Plant and Equipment. What should be the accounting treatment of the amount spent on dismantling of old plant in the financial statements ? Which elements of cost should be considered for valuing Property, Plant and Equipment ? 4



CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

(c) CA Ayush has recently qualified and has joined a CA Firm. On going through various audit reports, he observed that different phrases were used to express an unmodified opinion on the financial statements. On enquiring with a senior, he got to know that all those phrases can be regarded as being equivalent. Which phrases are appropriate and which phrases are inappropriate while drafting an unmodified opinion ? 3

(d) You have been appointed as an auditor of Co-operative society. During the course of audit, you have noticed some serious irregularities in the working of the society. Enumerate those special matters for reporting to the Registrar. 3

5. (a) M/s. PP & Co; a firm of Chartered Accountants, has been auditing the books of accounts of KALI Ltd. for the past 3 years. The company has recently made some major changes in its business policies. While planning to start the audit for the 4th year i.e. for financial year 2024-25, the audit manager of the firm, as per the routine practice, handed over the previous years' audit programme as it is to the audit team with the instructions to adhere unfailingly to the said audit programme. Evaluate the decision of the audit manager with reference to the use of audit programme. 4

(b) The management of D. Ltd. have engaged an actuary-expert to ascertain actuarial valuation of gratuity for provision to be made in the accounts. As an auditor of D. Ltd., you plan to use the report of the said expert as audit evidence for ascertaining appropriate valuation of provisions. As an auditor, what will you do to evaluate the competence, capabilities, objectivity and an understanding of the work of the actuary-expert who has carried out actuarial valuation of gratuity ? 4

(c) Z and Associates are the auditors of Realton Ltd., an export oriented unit, which specializes in manufacturing oil extraction plants. Since many complex processes are involved, they are digitizing their operations. They are restructuring their business models which are driven by technology. Since most of the operations of the company are automated, Z and Associates are planning to do Digital Audit. Explain the use of digital technology in the conduct of an audit. 3



www.CAclubindia.com

CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

(d) Mr. J is an articled clerk with a big Chartered Accountants' firm. He is a part of the engagement team which is conducting the audit of a company for the first time. They are assigned with the work of preparing the draft audit engagement letter. Mr. J is not sure how to go about with this work. Explain what is Audit Engagement Letter and what are its contents ? 3

6. (a) You are the auditor of Plus Bank Limited. The bank has made following provisions for the year ended on 31.03.2024 : 4

| Particulars | Amount (₹ in crores) |
|---|---|
| Provision for Bad Debts | 66 |
| Provision for Sub-standard Assets | 78 |
| Provision for Expenses | 24 |
| Provision for Income Tax | 55 |

You are in the process of verifying the provisions and contingencies of the bank. What audit approach and procedures will you adopt to verify the above ?

OR

(a) CA Vasu was appointed as the statutory auditor of M/s. Pizza Limited for the financial year 2023-24. While reviewing the internal controls, he observed that the company has entered into many transactions with firms in which the directors are interested. The company's specified procedure was by-passed in such transactions. CA Vasu considered it as a significant deficiency in internal control over related party transactions. He communicated this deficiency to Those Charged With Governance (TCWG) as under, 4

"Controls over significant transactions with related parties are weak."

In view of the above, please explain : -

(i) What is meant by deficiency in internal control ?

(ii) As per SA 265, whether the significant deficiency communicated by CA Vasu to TCWG is appropriate ? Explain.



www.CAclubindia.com

CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

(b) CA P is a professional accountant in service. In terms of employment and professional relationships with employer he has to be alert to the possibility of inadvertent disclosure of any information outside the employing organization. However, in view of disclosure required by law, CA P had to divulge the information and documents as evidence in course of legal proceedings. Whether CA P has violated any fundamental principle governing professional ethics in this case ? Explain. **4**

(c) During the audit of accounts for the year ended 31.03.2024, the auditor of FD Limited wanted confirmation from a Trade Receivable, which was outstanding for more than six months, amounting to ₹ 4,25,000/-. The auditor sent a Confirmation letter to the party requesting them to respond directly to him, whether or not they agree with the amount outstanding from them. **3**

That trade receivable confirmed to the auditor of FD Limited, that they were required to pay an amount of ₹ 4,20,000 to FD Limited as per their books of accounts.

State and explain the type of Confirmation Request sent by the auditor and the course of action that he should take on the confirmation received from the trade receivable.

(d) P Financial Services Ltd. (PFSL) is a leasing & hire purchase company. You, as an auditor of PFSL, are in the process of examining finance lease agreements executed by them for equipment given on lease. Which points shall be noted by you while examining a particular finance lease agreement entered into by PFSL in respect of a leasing transaction ? **3**

---



www.CAclubindia.com

CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

**PART – II**

**(Hindi Version)**

1. (a) CA Rashmi ABC Ltd. के 31/03/2024 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए लेखा-परीक्षक है । उसके द्वारा लेखा-परीक्षा रिपोर्ट 19/04/2024 को हस्ताक्षरित की गयी । **4**

25/4/2024 को कंपनी को केन्द्र सरकार से एक संदेश प्राप्त हुआ कि वित्तीय वर्ष 2023-24 से संबंधित एक प्रोत्साहन राशि ₹ 5 crores अनुमत की गई है । अप्रैल 2024 की समाप्ति से पूर्व इसका भुगतान कर दिया गया । कंपनी के वित्तीय विवरण अंशधारकों को जारी नहीं किये गए थे ।

निदेशक मंडल ने प्रोत्साहन राशि को वित्तीय विवरणों में शामिल करना चाहा और लेखा-परीक्षक से अनुरोध किया कि 31/03/2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नयी लेखा-परीक्षा रिपोर्ट जारी करे । संबंधित मामले का विश्लेषण करें और इस परिस्थिति में लेखा-परीक्षक की जिम्मेदारी का अवलोकन करें ।

(b) लेखा-परीक्षक सामान्यतया सभी जानकारियों का परीक्षण नहीं करते हैं क्योंकि ऐसा करना अव्यवहारिक होगा और लेखा-परीक्षा नमूनाकरण का प्रयोग सही निष्कर्ष देगा । नमूने का चयन इस तरीके से होना चाहिये कि यह उस समूह का प्रतिनिधि हो जिसमें से नमूना चुना गया है । **4**

पहचानें और संक्षिप्त में व्याख्या करें कि इन दो मामलों में कौन सी नमूना चयन विधि का प्रयोग हुआ है ?

(i) लेखा-परीक्षक ने व्यापार प्राप्य शेष को तीन समूहों में विभाजित किया : ₹ 20 लाख से अधिक शेष, ₹ 10 लाख से ₹ 20 लाख के भीतर शेष और ₹ 10 लाख से कम शेष । उसने विभिन्न प्रतिशत के मद प्रत्येक समूह से चुनें ।

(ii) लेखा-परीक्षक 50 एकल चैकों का वर्ष भर में चयन करने के बजाय 50 लगातार चैकों का नमूना यह जाँच करने के लिए प्रयोग में लाता है कि इन्हें अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है ।

www.CAclubindia.com



CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

(c) M/s PD & Co., सनदी लेखाकार MR Limited का वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वैधानिक लेखा-परीक्षक नियुक्त किया गया था । MR Limited ने लेखा-परीक्षक को दिए गए नियुक्ति पत्र में निम्न खंड (clause) को शामिल किया : **3**

"लेखा-परीक्षक धोखाधड़ी की खोज के लिए जिम्मेदार होंगे । यदि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कंपनी में कोई हुई हो ।"

लेखा-परीक्षक ने इस खंड को नियुक्ति पत्र में शामिल करने पर आपत्ति की । लेखा-परीक्षा के क्षेत्र के प्रकाश में चर्चा करें ।

(d) M/s PQ Limited का वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए टर्नओवर ₹ 807 करोड़ है । कंपनी का वस्तु व सेवा कर (GST) का जून 2023 से बकाया ₹ 10 लाख है । लेखा-परीक्षक के पूछे जाने पर, कंपनी के प्रबंधन ने सूचित किया कि उन्होंने उपरोक्त माँग के लिए GST Authorities को आपत्ति पत्र दिया है जिसका उत्तर GST Department से प्राप्त नहीं हुआ है । कंपनी लेखा-परीक्षक रिपोर्ट आदेश, 2020 के पैराग्राफ 3, खंड (vii) [CARO, 2020] के तहत लेखा-परीक्षक की रिपोर्टिंग जिम्मेदारियों को बतायें । **3**

2. (a) CA B, Star Limited के लेखा-परीक्षक थे । उन्होंने यह सुनिश्चित करना चाहा कि कंपनी ने अपने बैंक खातों का सही समाधान किया था और यह भी समझना चाहा कि क्या और किस सीमा तक कंपनी में आंतरिक नियंत्रण परिचालन में थे । CA B किस प्रकार के नियंत्रण की जाँच कर रहे थे ? वे कौन सी अन्य प्रक्रियाएँ हैं जिनका प्रयोग नियंत्रण की जाँच में किया जा सकता है ? **4**

(b) Alfa Limited ने एक राष्ट्रीयकृत बैंक से ओवरड्राफ्ट सुविधा ली है । कंपनी ने 31.03.2024 के बैंक ओवरड्राफ्ट शेष का बैंक प्रमाणपत्र प्राप्त किया । **4**

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| बैंक प्रमाणपत्र के अनुसार बैंक ओवरड्राफ्ट शेष | 25,66,200/- |
| खाताबही (Ledger) के अनुसार बैंक ओवरड्राफ्ट शेष | 26,45,300/- |

आप Alfa Limited द्वारा लिए बैंक ऋण का कैसे प्रमाणन/सत्यापन करेंगे ?

(c) कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुसार अतिरिक्त नियामक जानकारी के रूप में कुछ निश्चित अनुपातों का प्रकटन निर्धारित करता है । **3**

प्रकटन किये जाने वाले किन्हीं तीन अनुपातों के साथ ही उनके प्रकटन संबंधी नियमों को बतायें ।



www.CAclubindia.com

CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

(d) व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान लेखा–परीक्षक फर्म के संबद्धता साझेदार ने लेखा–परीक्षा दल को लेखा–परीक्षा रणनीति और लेखा–परीक्षा योजना के मध्य अंतःसंबंध को समझाया । उन बिन्दुओं की चर्चा कीजिए जो कि संबद्धता साझेदार अपने दल को इस संबंध में स्पष्ट करेगा । 3

3. (a) CA Amit LMN Ltd. के लेखा–परीक्षक हैं । लेखा–परीक्षा संचालन में उसने कंपनी के आंतरिक नियंत्रण के घटकों का विश्लेषण करना चाहा । पहचान कर बतायें कि वह आंतरिक नियंत्रण के कौन से घटक को निम्न दो मामलों में समझने का प्रयास कर रहा है – 4

(i) क्या LMN Ltd. में नियंत्रण इच्छित तरीके से काम कर रहे हैं और क्या उन्हें स्थितियों में बदलाव के प्रति संशोधित किया गया है ।

(ii) क्या कंपनी में कार्यों का उचित पृथक्करण है तथा लेनदेन को रिकॉर्ड करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति उन्हें अधिकृत करने वाले व्यक्ति से भिन्न है ?

(b) M/s PK & Company, सनदी लेखाकार, M/s JC Limited के वैधानिक लेखा परीक्षक हैं । M/s PK & Company के साझेदार CA Tarun को 31-03-2024 की इन्वेन्ट्री मदों के सत्यापन की निगरानी सौंपी गई थी । सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान बड़ी मात्रा में प्रारूप इन्वेन्ट्री कागज इकट्ठे हुए थे और तब एक अंतिम इन्वेन्ट्री शीट (sheet) तैयार हुई थी । लेखा–परीक्षा सहायक ने सभी कार्यगत प्रपत्रों व अंतिम इन्वेन्ट्री शीट को लेखा–परीक्षा फाइल में रखा है । क्या लेखा–परीक्षा सहायक का तरीका (approach) सही है ? कौन से प्रपत्रों/दस्तावेजों को लेखा–परीक्षा दस्तावेजीकरण में सम्मिलित नहीं करना चाहिए ? 4

(c) K Ltd. ने LMN Bank Ltd. से ₹ 25 करोड़ की कैश क्रेडिट लिमिट ली है । कंपनी की आहरण शक्ति वर्ष 2023-24 के दौरान ₹ 22 करोड़ से ₹ 25 करोड़ की सीमा के बीच रही । कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान सभी दिवसों में उपयोग की गई लिमिट (Limit availed) ₹ 20 करोड़ से कम रही । कंपनी ने कैश क्रेडिट खाते में कोई राशि जमा नहीं करायी है तथा पिछली दो तिमाही के दौरान खाते में कोई अन्य जमा (Credits) नहीं है । 31-03-2024 को LMN Bank Ltd. की बहियों में इस खाते को कैसे वर्गीकृत किया जायेगा ? समझाइये । 3



www.CAclubindia.com

CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

(d) आप NP Ltd. के वैधानिक लेखा–परीक्षक हैं । बड़े आकार के समान व्यवहारों को देखते हुए, आपने दल के सदस्यों को सांख्यिकीय नमूनाकरण के प्रयोग का निर्देश दिया । दल के एक सदस्य Mr. Q अपने व्यक्तिगत अनुभव और ज्ञान के आधार पर नमूनों का चयन करना चाहते हैं क्योंकि उन्हें सांख्यिकीय नमूनाकरण की जानकारी नहीं हैं । आप Mr. Q को समझाइये कि क्यों सांख्यिकीय नमूनाकरण का तरीका प्रयोग में अधिक वैज्ञानिक है एवं उचित है । **3**

4\. (a) EFG Ltd. ने M/s. MN & Co., सनदी लेखाकार, को वर्ष 2024-25 के लिए वैधानिक लेखा–परीक्षक नियुक्त किया है । संबद्धता साझेदार CA N ने जोखिम मूल्यांकन प्रक्रियाओं को पूरा किया । यद्यपि वह लेखा–परीक्षा के संचालन में आवंटित मानव संसाधनों के प्रबंधन के बारे में चिंतित है । इस उद्देश्य से वह लेखा–परीक्षा का विषय–क्षेत्र, समय एवं दिशा निर्धारित करने के लिए एक समग्र लेखा–परीक्षा रणनीति स्थापित करना चाहता है । वर्णन करें कि कैसे समग्र लेखा–परीक्षा रणनीति स्थापना की प्रक्रिया उसे विभिन्न लेखा–परीक्षा क्षेत्रों में मानव संसाधन प्रयोग प्रबंधन में सहायता करेगी । **4**

(b) JB Limited ने लेखा–परीक्षा वर्ष के दौरान नयी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की स्थापना में बड़ी धनराशि का निवेश किया । उन्होंने ₹ 5,70,000/- की राशि पुराने संयंत्र का निराकरण (dismantling) करने में खर्च की जो कि अप्रचलित हो चुका था, ताकि वर्तमान स्थान पर नये संयंत्र की स्थापना हो सके । लेखा–परीक्षक संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की वृद्धि में हुई लागत खर्च की जाँच की प्रक्रिया में है । पुराने संयंत्र के निराकरण पर व्यय की गई राशि का वित्तीय विवरणों में क्या लेखांकन व्यवहार होना चाहिए ? लागत के कौन से तत्त्वों को संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के मूल्यांकन में शामिल किया जाना चाहिए ? **4**

(c) CA Ayush हाल ही में योग्य (Qualified) हुए हैं और एक CA Firm से जुड़े हैं । कई लेखा–परीक्षा रिपोर्ट्स के अवलोकन में उसने पाया कि वित्तीय विवरणों पर असंशोधित राय को व्यक्त करने में विभिन्न वाक्यांशों का प्रयोग किया गया है । अपने वरिष्ठ से पूछने पर, उसे पता लगा कि ऐसे सभी वाक्यांश को समतुल्य माना जा सकता है । असंशोधित राय की अभिव्यक्ति में कौन से वाक्यांश उचित और कौन से वाक्यांश अनुचित हैं ? **3**



CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

(d) आपको एक सहकारी समिति का लेखा–परीक्षक नियुक्त किया गया है । लेखा–परीक्षा के दौरान आपको समिति के कामकाज में गंभीर अनियमितता का पता चलता है । रजिस्ट्रार को रिपोर्ट करने के लिए उन विशेष मामलों को बताइये । **3**

5. (a) M/s PP & Co; एक सनदी लेखाकार फर्म, KALI Ltd. के बहीखातों का पिछले 3 वर्षों से लेखा–परीक्षण कर रही है । कंपनी ने हाल ही में व्यवसाय की नीतियों में कुछ महत्त्वपूर्ण बदलाव किये हैं । चौथे वर्ष यानि वित्तीय वर्ष 2024-25 की लेखा–परीक्षा की योजना प्रारंभ करने में, फर्म के वरिष्ठ प्रबंधक (लेखा–परीक्षा) ने सामान्य प्रथा के अनुसार लेखा–परीक्षा दल को पूर्व वर्षों का लेखा–परीक्षा कार्यक्रम सौंपना चाहा, इन निर्देशों के साथ कि उक्त लेखा–परीक्षा कार्यक्रम का बिना किसी चूक के पालन किया जाए । लेखा–परीक्षा प्रबंधक के लेखा–परीक्षा कार्यक्रम के उपयोग के संबंध में निर्णय का आकलन करें । **4**

(b) D. Ltd. के प्रबंधन ने बीमांकन मूल्यांकन (Actuarial valuation) के निर्धारण के लिए बीमांकिक विशेषज्ञ (Actuary expert) को खाता में किये जानेवाले ग्रेच्यूटी के प्रावधान के लिए काम में लिया है । D. Ltd. के लेखा–परीक्षक होने के कारण आप उक्त विशेषज्ञ की रिपोर्ट का उपयोग प्रावधान के मूल्यांकन के सही होने के निर्धारण में लेखा–परीक्षा साक्ष्य के रूप में करने की योजना रखते हैं । एक लेखा–परीक्षक के रूप में, बीमांकिक विशेषज्ञ जिसने कि ग्रेच्यूटी का बीमांकन मूल्यांकन किया है आप उसकी योग्यता, क्षमताओं, निष्पक्षता का आकलन और उसके कार्य की समझ प्राप्त करने के लिए क्या करेंगे ? **4**

(c) Z & Associates Realton Ltd., एक निर्यातमुखी इकाई, जिसकी तेल निकालने वाले संयंत्रों के निर्माण में विशेषज्ञता है, के लेखा परीक्षक हैं । चूँकि कई जटिल प्रक्रियाएँ शामिल हैं अतः वे अपने परिचालन का डिजिटलीकरण कर रहे हैं । वे टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित अपने व्यवसाय मॉडल का पुनर्गठन कर रही है । चूँकि कंपनी के अधिकांश परिचालन स्वचालित हैं, Z & Associates डिजिटल लेखा–परीक्षा की योजना बना रहे हैं । लेखा परीक्षा के संचालन में डिजिटल टेक्नोलॉजी के प्रयोग को समझाइये । **3**



CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

(d) Mr. J एक बड़ी सनदी लेखाकार फर्म में आर्टिकल क्लर्क हैं । वह संबद्धता दल (Engagement Team) का हिस्सा हैं, जो कि एक कंपनी की पहली बार लेखा-परीक्षा का संचालन कर रहा है । उसे प्रारूप लेखा-परीक्षा संबद्धता पत्र को तैयार करने का कार्य दिया गया है । Mr. J आश्वस्त नहीं है कि इस कार्य को कैसे किया जाता है । समझाइए लेखा-परीक्षा संबद्धता पत्र से क्या आशय है और इसमें कौन से विषय (content) होते हैं ? 3

6. (a) आप Plus Bank Limited के लेखा-परीक्षक हैं । बैंक ने 31.03.2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निम्न प्रावधान किये हैं : 4

| विवरण | राशि (करोड़ ₹) |
|---|---|
| डूबत ऋण के लिए प्रावधान | 66 |
| अवमानक आस्तियों के लिए प्रावधान | 78 |
| खर्चों के लिए प्रावधान | 24 |
| आयकर के लिए प्रावधान | 55 |

आप बैंक के प्रावधानों और आकस्मिकताओं की जाँच की प्रक्रिया में हैं । उपरोक्त की जाँच करने में आप क्या लेखा-परीक्षा दृष्टिकोण और प्रक्रियाओं को अपनायेंगे ?

**अथवा**

(a) CA Vasu को M/s. Pizza Limited का वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वैधानिक लेखा-परीक्षक नियुक्त किया गया है । आंतरिक नियंत्रण की समीक्षा में, उसने पाया कि कंपनी ने उन फर्मों के साथ जिसमें निदेशकों का हित है, कई व्यवहार किये हैं । कंपनी की निर्धारित प्रक्रिया को उक्त व्यवहारों के लिए बायपास किया गया था । CA Vasu ने संबंधित पक्षों के साथ व्यवहारों पर इसे आंतरिक नियंत्रण की महत्वपूर्ण खामी माना । उसने इसे प्रशासन का कार्यभार संभालने वाले व्यक्तियों (TCWG) को निम्नानुसार सूचित किया, "संबंधित पक्षों के साथ महत्वपूर्ण व्यवहारों पर नियंत्रण कमजोर हैं ।" 4



www.CAclubindia.com

CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

इस संबंध में कृपया समझाएँ :-

(i) आंतरिक नियंत्रण में खामी से क्या आशय है ?

(ii) SA 265 के अनुसार CA Vasu द्वारा प्रशासन का कार्यभार संभालने वाले व्यक्तियों (TCWG) को किया गया महत्वपूर्ण खामी का संवहन क्या उचित है ? समझाइये ।

(b) CA P सेवा में एक पेशेवर एकाउंटैंट हैं । सेवा की शर्तों में तथा नियोक्ता से पेशेवर संबंधों में उसे अनजाने में नियोक्ता संगठन के बाहर किसी जानकारी के प्रकट होने की संभावना के लिए सजग रहना होता है । यद्यपि कानून द्वारा प्रकटीकरण आवश्यक होने पर, CA P को कानूनी कार्यवाही के दौरान जानकारी व दस्तावेज साक्ष्य के रूप में देने पड़े । क्या CA P ने पेशेवर नैतिकता के किसी मौलिक सिद्धान्त का उल्लंघन इस मामले में किया है ? स्पष्ट करें । 4

(c) 31-03-2024 को समाप्त हुए वर्ष के खातों की लेखा-परीक्षा के दौरान, FD Limited के लेखा-परीक्षक ने एक व्यापार प्राप्य (Trade Receivable) से पुष्टीकरण चाहा, जो कि 6 माह से अधिक से ₹ 4,25,000 की राशि का बकाया था । लेखा-परीक्षक ने पक्ष (Party) को पुष्टि पत्र भेजा यह अनुरोध करते हुए कि उसे सीधे जवाब दें, चाहे उनसे बकाया राशि से वे सहमत हैं या नहीं । 3

उस व्यापार प्राप्य ने FD Limited के लेखा-परीक्षक को पुष्टि की कि उसे FD Limited को ₹ 4,20,000 की राशि का उसके बही खातों के अनुसार भुगतान करना था ।

लेखा-परीक्षक द्वारा भेजे गये पुष्टि अनुरोध के प्रकार और उसे व्यापार प्राप्य से प्राप्त पुष्टि पर क्या कार्यवाई करनी चाहिए को बताये एवं स्पष्ट करें ।

(d) P Financial Services Ltd. (PFSL) एक लीजिंग व किराया क्रय कंपनी है । आप PFSL के लेखा-परीक्षक होने के कारण उनके द्वारा लीज पर दिये गये उपकरणों के निष्पादित वित्तीय पट्टा अनुबंधों के परीक्षण की प्रक्रिया में हैं । लीज व्यवहारों के बारे में PFSL द्वारा किए गये एक विशिष्ट वित्तीय पट्टा अनुबंध के परीक्षण में आप किन बिन्दुओं का ध्यान रखेंगे ? 3

---



www.CAclubindia.com

CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003

रोल नं. ............................

कुल प्रश्नों की संख्या – 6

कुल पृष्ठ – 16

अधिकतम अंक – 70

## अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के भीतर या Part-I बहुविकल्पीय प्रश्न-पुस्तिका में लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र, जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. **उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर वर्णनात्मक प्रकार उत्तर-पुस्तिका पर लगाया जाएगा ।**
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका मुख्य पृष्ठ सहित जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते अथवा मोबाइल फोन या स्मार्ट वॉच सहित पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी उत्तरदायी होगा ।

---

**भाग – II** **70 अंक**

1. भाग-II में 6 प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है तथा शेष 5 प्रश्नों में से किन्हीं 4 का उत्तर देना है ।
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेंगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।



www.CAclubindia.com

CCI Online Learning www.CAclubindia.com/Elearning Call Us: 088803-20003